**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राज्यपाल श्री मिश्र ने अक्षरधाम मंदिर में अन्नकूट महोत्सव में भाग लिया

जयपुर, 26 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को वैशाली नगर स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में आयोजित अन्नकूट महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने वहां भगवान के निमित्त भोग और नैवेद्य अर्पण करते हुए प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट उत्सव की शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने मंदिर में आरती कर विधिवत गोवर्धन पूजा की और भगवान से प्रदेशवासियों के सुखी, समृद्ध और खुशहाल जीवन की कामना की।